# डेढ़ करोड़ की लूट मामले में दो और पुलिसकर्मी गिरफ्तार

कोलकाता, 5 नवंबर (जनसत्ता)।

कोलकाता पुलिस के खुफिया विभाग ने डेढ़ करोड़ की लूट के मामले में दो पुलिस वालों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एएसआइ जयदीप राय और कोलकाता पुलिस के कांस्टेबल रणवीर सिंह को तालतला थाना इलाके में डेढ़ करोड़ रुपए की लूट में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में तीन सिपाहियों समेत चार लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई है। इस मामले में पहले ही एक सेवारत और एक बर्खास्त पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया जा चुका है।

इसमें कोलकाता पुलिस की आठवीं बटालियन का एक बर्खास्त कर्मी और दूसरा कोलकाता पुलिस की विशेष शाखा का सिपाही शामिल है। उन दोनों से पूछताछ के बाद ही जयदीप और रणवीर के बारे में जानकारी मिली। पुलिस के मुताबिक, तालतला इलाके में जुलाई में हुई डेढ़ करोड़ की लूट के मुख्य अभियुक्त अमिय उपाध्याय को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

**वर्दी में अपराध : मामले में अब तक तीन सिपाहियों सहित चार गिरफ्तार, लूट का सरगना भी है बर्खास्त पुलिस कर्मी**

कोलकाता पुलिस की आठवीं बटालियन का कांस्टेबल अमिय लूट का मास्टर माइंड है। अमिय को 2015 में बर्खास्त कर दिया गया था। इसके पहले कोलकाता पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था और उसके खिलाफ आरोपपत्र पेश किया था। उसे हेयर स्ट्रीट थाने में लोगों को सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में पकड़ा गया था।

मालूम हो कि गुरुवार को इकबालपुर थाने के दो सिपाहियों समेत तीन लोगों को एक कंपनी के दो कर्मचारियों से 33 लाख रुपए लूटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इसमें एक सिविक वालंटियर शामिल है।

बताते चलें कि वर्दी में अपराध करने के मामलों में लगातार वृद्धि होती जा रही है। बीते छह महीने के दौरान कोलकाता पुलिस और हावड़ा सिटी पुलिस के 11 पुलिस वालों को व्यापारियों को धमकाने और लूटने या ठगने के कथित आरोप में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## सीएए लागू नहीं हुआ तो सड़क पर उतरेंगे मतुआ : अधिकारी

कोलकाता, 5 नवंबर (जनसत्ता)।

केंद्र द्वारा पड़ोसी देश से आए और गुजरात में बसे लोगों के एक वर्ग को नागरिकता देने का फैसला करने के कुछ दिनों बाद बंगाल में मतुआ समुदाय के सदस्यों ने कहा कि अगर उन्हें समान लाभ प्रदान नहीं किया गया तो वे भाजपा पर भरोसा करना बंद कर देंगे।

समुदाय के नेताओं ने कहा कि अगर सीएए लागू नहीं हुआ और नागरिकता की उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे सड़कों पर उतरेंगे। अखिल भारतीय मतुआ महासंघ के वरिष्ठ नेता मुकुट मणि अधिकारी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमें भी जल्द ही नागरिकता दी जाएगी लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो मतुआ लोग विरोध स्वरूप सड़क पर उतरेंगे। राज्य की अनुसूचित जाति की आबादी का एक बड़ा हिस्सा मतुआ धार्मिक उत्पीड़न के कारण 1950 के दशक से बांग्लादेश से पश्चिम बंगाल में पलायन कर रहे थे। मार्च 1971 तक आने वाले सभी लोग 1955 के नागरिकता अधिनियम के मुताबिक भारत के कानूनी नागरिक हैं।

केंद्र ने हाल ही में अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान छोड़कर आए उन हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को भारतीय नागरिकता देने का फैसला किया जिन्हें गुजरात के दो जिलों में 1955 के नागरिकता अधिनियम के तहत बसाया गया था। मतुआ लोगों को हालांकि 2019 के संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) के तहत नागरिकता का वादा किया गया है।

## लाटरी मामले में अनुव्रत मंडल से सीबीआइ ने जेल में की पूछताछ

आसनसोल, 5 नवंबर (भाषा)।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) ने मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस के नेता अनुब्रत मंडल के लाटरी में एक करोड़ रुपए जीतने के सिलसिले में शनिवार को उनसे पूछताछ की। सीबीआइ के एक अधिकारी ने बताया कि एजंसी के अफसरों ने आसनसोल के विशेष कारागार में अनुब्रत मंडल से पूछताछ की। सीबीआइ ने मवेशी तस्करी के मामले में मंडल को अगस्त में गिरफ्तार किया था। सीबीआइ अधिकारी ने कहा कि हम मंडल से पूछताछ करने के लिए वहां गए थे। हम उनके जवाब का मिलान उस लाटरी टिकट विक्रेता द्वारा दिए गए बयान से कर रहे हैं, जिससे हमने शुक्रवार को पूछताछ की थी।

उन्होंने कहा कि मंडल से सवाल किया गया कि उन्होंने लाटरी में जीती रकम कहां और कैसे खर्च की। जांचकर्ताओं को संदेह है कि मवेशी तस्करी से अवैध रूप से संचित की गई धनराशि को लाटरी के धंधे के जरिए खपाया गया। सूत्रों ने कहा कि इस साल की शुरुआत में अनुब्रत मंडल ने जिस लाटरी टिकट के जरिए एक करोड़ रुपए जीते थे, वह टिकट कथित तौर पर उनके एक अंगरक्षक ने उनके लिए खरीदा था।


NICMAR University, Pune




NICMAR UNIVERSITY

BUILT ENVIRONMENT UNIVERSITY OF INDIA

ESTABLISHED UNDER MAHARASHTRA Act. No. XXXVI of 2022

NICMAR is known for best employability in Construction, Real Estate, Infrastructure and Project Management (CRIP) sector in India. NICMAR has served the Indian construction industry by providing well-groomed and highly skilled professionals that are leading the industry nationally and internationally.

Applications are invited from dynamic and enthusiastic aspirants

School of Construction
- MBA in Advanced Construction Management [2 Years]
- PG Dip in Quantity Surveying and Contract Management [1 Year]
- B.Tech. in Civil Engineering [4 Years]

School of Project Management
- MBA in Advanced Project Management [2 Years]

NICMAR Business School
- MBA (7 Choice Based Immersive Specialisations) [2 Years]
  Infrastructure Management | Supply Chain Management | Business Analytics | Management Consulting | People and Communications | Marketing Analytics and Digital Strategies | Financial Strategies
- MBA in Entrepreneurship and Innovation [2 Years]
- MBA in Family Business Management [2 Years]
- Integrated MBA [BBA - BBA(Hons.) - MBA] [5 Years]

School of Planning, Real Estate and Infrastructure
- MBA in Real Estate and Urban Infrastructure Management [2 Years]
- Master of Planning (Urban Planning) [2 Years]

School of Energy and Environment
- MBA in Sustainable Energy Management [2 Years]
- MBA in Environmental Sustainability [2 Years]

Last Date for Submission of Application: Sunday, 15 January, 2023

For eligibility, selection criteria and other details visit
www.nicmar.ac.in

Contact Us: NICMAR University, Pune
25/1, Balewadi, N.I.A. Post Office, Pune 411 045, India.
Tel. No.: 020-66859271 / 333 / 270 / 166 | Email: admission@nicmar.ac.in



bob World | बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**पंजीकृत कार्यालय:** बड़ौदा हाउस, पोस्ट बॉक्स नं. 506, मांडवी, बड़ौदा - 390 006
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400 051

वित्तीय परिणाम
Q2 – वित्तीय वर्ष: 2022–23

उपलब्ध सेवाएं: गृह ऋण | कार ऋण | बड़ौदा तिरंगा प्लस जमा योजना | Baroda Wealth Management Services | bob World मोबाइल बैंकिंग ऐप | Baroda DigiNext Cash Management Services


### 30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही / छमाही के लिए गैर-लेखापरीक्षित (समीक्षित) स्टैंडअलोन/समेकित वित्तीय परिणाम

(₹ लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
| | | 30.09.2022 | 30.09.2021 | 30.09.2022 | 30.09.2021 | 31.03.2022 | 30.09.2022 | 30.09.2021 | 30.09.2022 | 30.09.2021 | 31.03.2022 |
| | | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 2308003 | 2027074 | 4319955 | 4018657 | 8136473 | 2632049 | 2199876 | 4789725 | 4323674 | 8778019 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/ (हानि) (कर पूर्व, अपवादात्मक और/ या असाधारण मदें) | 440349 | 291597 | 724621 | 451139 | 938644 | 441782 | 309514 | 728931 | 470596 | 1000830 |
| 3 | अवधि के लिए कर पूर्व निवल लाभ/ (हानि) (अपवादात्मक और/ या असाधारण मदों के बाद) | 440349 | 291597 | 724621 | 451139 | 938644 | 441782 | 309514 | 728931 | 470596 | 1000830 |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/ या असाधारण मदों के बाद) (नोट 2 का संदर्भ लें) | 331342 | 208785 | 548155 | 329648 | 727228 | 340047 | 216785 | 534437 | 335439 | 784969 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल हैं] | नोट 3 का संदर्भ लें | | | | | | | | | |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 |
| 7 | आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) | | | | | 7778738 | | | | | 8371723 |
| 8 | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | 3131215 | 3131213 | 3131215 | 3131213 | 3131215 | 3143095 | 3147054 | 3143095 | 3147054 | 3143095 |
| 9 | निवल मालियत | 6777530 | 5956458 | 6777530 | 5956458 | 6129873 | 7233156 | 6414953 | 7233156 | 6414953 | 6587468 |
| 10 | प्रदत्त कर्ज पूंजी/बकाया कर्ज** | 2311150 | 2241350 | 2311150 | 2241350 | 2283750 | 2349694 | 2254644 | 2349694 | 2254644 | 2340352 |
| 11 | बकाया प्रतिदेय अधिमानी शेयर | लागू नहीं | | | | | | | | | |
| 12 | कर्ज इक्विटी अनुपात * | 0.49 | 0.55 | 0.49 | 0.55 | 0.53 | 0.52 | 0.58 | 0.52 | 0.58 | 0.56 |
| 13 | प्रति शेयर अर्जन (प्रति ₹ 2/- का) (चालू और बंद परिचालनों के लिए) - मूल (₹ में) डाइल्यूटेड (₹ में) - (वार्षिकीकृत नहीं है) | 6.41 | 4.04 | 10.60 | 6.37 | 14.06 | 6.58 | 4.19 | 10.33 | 6.49 | 15.18 |
| 14 | पूंजीगत मोचन आरक्षित निधि | लागू नहीं | | | | | | | | | |
| 15 | डिबेंचर मोचन आरक्षित निधि | लागू नहीं | | | | | | | | | |

* कर्ज एक वर्ष से अधिक की अवशिष्ट परिपक्वता वाली उधार राशि को दर्शाता है. ** प्रदत्त कर्ज पूंजी/ बकाया कर्ज बैंक द्वारा जारी किए गए टियर-I एवं टियर-II बॉन्ड को दर्शाता है.

**नोट:**
1) उपर्युक्त आंकड़े सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियम 33 और 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के पास प्रस्तुत किए गए तिमाही/छमाही के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश हैं. तिमाही/छमाही के वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com, www.nseindia.com और बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर उपलब्ध है.
2) संबंधित अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ /(हानि) में सहयोगियों से अर्जित आय का हिस्सा शामिल है एवं इसमें माइनॉरिटी ब्याज शामिल नहीं है.
3) कुल व्यापक आय एवं अन्य व्यापक आय से संबंधित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है, क्योंकि आईएनडी-एएस अभी तक बैंक पर लागू नहीं हुआ है.

स्थान : मुंबई
दिनांक : 05.11.2022

जयदीप दत्ता राय, कार्यपालक निदेशक | देबदत्त चाँद, कार्यपालक निदेशक | संजीव चड्ढा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी